**दिनांक–17.07.2026 को सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में बाढ़ प्रक्षेत्र के विभिन्न मुख्य अभियंता परिक्षेत्राधीन बाढ़ 2026 पूर्व कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्य एवं बाढ़ संघर्षात्मक कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही**

---

दिनांक–17.07.2026 को सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में बाढ़ प्रक्षेत्र के विभिन्न मुख्य अभियंता परिक्षेत्राधीन बाढ़ 2026 पूर्व कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्य एवं बाढ़ संघर्षात्मक कार्यों की समीक्षात्मक बैठक (Hybrid Mode) सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया:–

(i) ई0 वरूण कुमार, अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना।
(ii) सभी मुख्य अभियंता बाढ़ प्रक्षेत्र (VC के माध्यम से)
(iii) ई० विवेक गौरव, अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल, पटना।
(iv) सभी अधीक्षण अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र (VC के माध्यम से)
(v) ई० अनुराग शर्मा, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग प्र0–15, पटना।
(vi) ई० अभिनव आनन्द, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग प्र0–16, पटना।
(vii) ई० चन्दन कुमार, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग प्र0–17, पटना।
(viii) ई० मनीष कुमार, कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग प्र0–18, पटना।
(ix) बाढ़ प्रक्षेत्र से संबंधित कार्यपालक अभियंता (VC के माध्यम से)
(x) कार्यों से संबंधित संवेदक।

## कटाव निरोधक कार्य

सर्वप्रथम सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ परिक्षेत्राधीन बाढ़ 2026 पूर्व कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्यों की समेकित रूप से समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि वर्तमान में मुख्य अभियंता, समस्तीपुर परिक्षेत्राधीन 11 अदद कार्य, मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर परिक्षेत्राधीन 05 अदद, मुख्य अभियंता, कटिहार परिक्षेत्राधीन 02 अदद, मुख्य अभियंता, पटना, गोपालगंज एवं वीरपुर परिक्षेत्राधीन 01 अदद कार्य प्रगति में है। मुख्य अभियंता, समस्तीपुर एवं मुजफ्फरपुर द्वारा सूचित किया गया कि माह जुलाई के अंत तक सभी कार्य पूर्ण करा लिये जायेंगें। मुख्य अभियंता, वीरपुर द्वारा परिक्षेत्राधीन 01 अदद् कार्य जो एस0एल0आर0 ब्रिज निर्माण से संबंधित है, में अधिक समय लगने की संभावना व्यक्त की गयी। सभी कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र गुणवत्ता एंव विशिष्टि के साथ पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया।

तदोपरांत आपदा मद/आर.एम.बी.ए. मद के तहत बाढ़ 2026 पूर्व कराये जा रहे निम्नांकित 05 अदद कटाव निरोधक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान की गयी समीक्षा एवं दिये गये निदेश निम्नवत् है:–

1. **इस्माइलपुर–बिन्दटोली तटबंध के स्पर–8 और स्पर–9 के बीच क्षतिग्रस्त तटबंध का पुनर्स्थापन एवं सुरक्षात्मक कार्य एवं स्पर–9 का पुनर्स्थापन एवं सुरक्षात्मक कार्य (एजेंडा सं0–242/135/2026) :–**

   - एकरारनामा के अनुसार कार्य को पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 15.05.2026 है। वर्तमान में कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 92 प्रतिशत है। संवेदक द्वारा कार्य को पूर्ण करने हेतु

दिनांक–25.07.2026 तक का संशोधित वर्क प्रोग्राम समर्पित किया गया है। योजनान्तर्गत वर्तमान में 78 मीटर की लंबाई में शीट पाईल कार्य शेष है एवं 1072 मीटर लंबाई के विरूद्ध 920 मीटर की लंबाई में स्लोप पिचिंग कार्य प्रगति में है।

- समीक्षा के क्रम में संवेदक द्वारा सूचित किया गया कि Sheet Pile Driving का कार्य दिनांक–18.07.2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा तथा स्लोप पिचिंग कार्य (बर्म तक) दिनांक–20.07.2026 तक एवं शेष स्लोप पिचिंग कार्य दिनांक–25.07.2026 के पूर्व पूर्ण करा लिया जायेगा।
- श्रमबल एवं निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता में बढ़ोतरी करते हुए योजनान्तर्गत शेष कार्यों को गुणवता एवं विशिष्टि के साथ शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया ताकि पूर्व में निष्पादित कार्यों की उपयोगिता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।
- मुख्य अभियंता, कटिहार को कार्य की अपने स्तर से सघन प्रबोधन करने एवं संवेदक द्वारा समर्पित संशोधित वर्क प्रोग्राम के आलोक में नियमानुकूल कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।
- कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, नवगछिया द्वारा ससमय कार्य से संबंधित अद्यतन फोटोग्राफ/विडियो उपलब्ध नहीं कराने के कारण मुख्य अभियंता, कटिहार को कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, नवगछिया से स्पष्टीकरण पृच्छा किये जाने हेतु निदेशित किया गया।

**(अनुपालन–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, कटिहार/ एन0एन0टी0 डेवलपर्स लिमिटेड)**

2. **गंगा नदी के बाएं किनारे पर झल्लूदास और ज्ञानीदास टोला में कटाव निरोधक कार्य (एजेंडा सं0–244/34/2026)** :–

- एकरारनामा के अनुसार कार्य को पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 15.07.2026 है। वर्तमान में कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 71 प्रतिशत एवं वित्तीय प्रगति 54.79 प्रतिशत है। संवेदक द्वारा कार्य को पूर्ण करने हेतु दिनांक–25.07.2026 तक का संशोधित वर्क प्रोग्राम समर्पित किया गया है।
- मुख्य अभियंता, कटिहार द्वारा सूचित किया गया कि स्थल पर बोल्डर एवं जी0आई0 वायर क्रेट की उपलब्धता काफी कम होने के कारण कार्य की प्रगति प्रभावित हो रही है।
- कार्य को पूर्ण करने के संदर्भ में पृच्छा किये जाने पर संवेदक द्वारा संतोषप्रद उत्तर नहीं दिया गया। उक्त पर क्षोभ व्यक्त किया गया एवं मुख्य अभियंता, कटिहार को संवेदक से कारण पृच्छा करने हेतु निदेशित किया गया।
- कार्य के प्रारंभ से ही श्रमबल एवं निर्माण सामग्रियों की आपूर्ति वांछित से कम रहने तथा लगातार निदेशित किये जाने के बावजूद भी संवेदक के स्तर से शिथिलता बरते जाने के कारण कार्य की प्रगति प्रभावित रही है। फलस्वरूप एप्रॉन निर्माण कार्य भी प्रावधानित लंबाई में पूर्ण नहीं किया जा सका।

- वर्तमान में नदी के बढ़े हुए जलस्तर के कारण शेष लंबाई (300 मी0) में एप्रोन निर्माण कार्य कराने में संवेदक एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा असमर्थता व्यक्त की गयी।
- श्रमबल एवं निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता में बढ़ोतरी करते हुए एप्रोन निर्माण कराये गये प्रभाग में कार्य शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही निदेशित किया गया कि पर्याप्त मात्रा में बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों का भंडारण भी पूरी बाढ़ अवधि के दौरान सुनिश्चित कराया जाय ताकि किसी भी प्रकार की क्षति को बचाया जा सके। इस संबंध में एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के तहत् नियमानुकूल कार्रवाई भी सुनिश्चित करने हेतु मुख्य अभियंता, कटिहार को निदेशित किया गया।

**(अनुपालन–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण कटिहार/ मेसर्स बृजनन्दन सिंह)**

3. **<u>गंगा नदी के बाएं किनारे बल्ली टोला से सबलपुर पछियारी टोला तक कटाव निरोधक कार्य (एजेंडा सं0–242/105 एवं 106/2026)</u> :–**

- एकरारनामा के अनुसार कार्य को पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 15.07.2026 है। वर्तमान में कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 48 प्रतिशत एवं वित्तीय प्रगति 35.72 प्रतिशत है।
- मुख्य अभियंता, गोपालगंज द्वारा सूचित किया गया कि मेगा जियोबैग से बेस निर्माण का कार्य पूरी लंबाई में करा लिया गया है तथा 1890 मीटर लंबाई के विरूद्ध 336 मीटर की लंबाई में एप्रोन निर्माण पूण करा लिया गया है एवं 543 मीटर की लंबाई में कार्य प्रगति में है।
- कार्य के प्रारंभ से ही श्रमबल एवं निर्माण सामग्रियों की आपूर्ति वांछित से कम रहने तथा लगातार निदेशित किये जाने के बावजूद भी संवेदक के स्तर से शिथिलता बरते जाने के कारण कार्य की प्रगति बुरी तरह प्रभावित रही है। फलस्वरूप एप्रॉन निर्माण कार्य भी प्रावधानित लंबाई में पूर्ण नहीं किया जा सका।
- वर्तमान में नदी के बढ़े हुए जलस्तर के कारण शेष लंबाई में एप्रोन निर्माण कार्य कराने में संवेदक एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा असमर्थता व्यक्त की गयी।
- एप्रोन निर्माण पूर्ण कराये गये प्रभाग में स्लोप पिचिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया।
- वर्तमान स्थलीय स्थिति के परिप्रेक्ष्य में निदेशित किया गया कि स्थल के सुरक्षार्थ ई0सी0 बैग एवं एन0 सी0 आदि से आवश्यकतानुसार कार्य शीघ्रातिशीघ्र कराकर स्थल को सुरक्षित कर लिया जाय। साथ ही पर्याप्त मात्रा में बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों का भंडारण भी पूरी बाढ़ अवधि के दौरान सुनिश्चित कराया जाय ताकि किसी भी प्रकार की क्षति को बचाया जा सके। इस संबंध में एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के तहत् नियमानुकूल कार्रवाई भी सुनिश्चित करने हेतु मुख्य अभियंता, गोपालगंज को निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, गोपालगंज /पवन मिश्रा, संवेदक, एम. एस.ए. कंस्ट्रक्शन प्रा0लि0, कोलकाता)**

4. **<u>बी.के.जी. तटबंध के 58.00 कि0मी0 से 59.20 कि0मी0 के बीच गंगापुर, भुसौला, नंदपुर और दामोदरपुर (जवईनिया) ग्राम के समीप गंगा नदी के दायें तट पर कटाव निरोधक कार्य (एजेंडा सं0–244/38/2026)</u> :–**

- एकरारनामा के अनुसार कार्य को पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 15.07.2026 है। वर्तमान में कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 61 प्रतिशत एवं वित्तीय प्रगति 53.16 प्रतिशत है। संवेदक द्वारा कार्य को पूर्ण करने हेतु दिनांक–31.07.2026 तक का संशोधित वर्क प्रोग्राम समर्पित किया गया है।
- समीक्षा के क्रम में संवेदक द्वारा सूचित किया गया कि बेड बार का कार्य दिनांक–22.07.2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा तथा स्लोप पिचिंग कार्य (बर्म तक) दिनांक–25.07.2026 तक एवं शेष स्लोप पीचिंग कार्य दिनांक–31.07.2026 के पूर्व पूर्ण करा लिया जायेगा।
- श्रमबल एवं निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता में बढ़ोतरी करते हुए योजनान्तर्गत शेष कार्यो को गुणवता एवं विशिष्टि के साथ शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया ताकि पूर्व में निष्पादित कार्यों की उपयोगिता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।
- मुख्य अभियंता, पटना को कार्य की अपने स्तर से सघन प्रबोधन करने एवं संवेदक द्वारा समर्पित संशोधित वर्क प्रोग्राम के आलोक में नियमानुकूल कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना/सिंधुजा इंजिनियर्स एण्ड कॉन्ट्रैक्टर्स, गया)**

5. **<u>जमला–रसलपुर ग्राम के समीप 1314 मी0 की लंबाई में एवं बैरगेनिया रिंग बाँध पर 900 मी0 की लंबाई में कटाव निरोधक कार्य (एजेंडा सं0–214/23/2024)</u> :–**

- एकरारनामा के अनुसार कार्य को पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 15.05.2026 है। वर्तमान में कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 55 प्रतिशत है। संवेदक द्वारा कार्य को पूर्ण करने हेतु दिनांक–31.07.2026 तक का संशोधित वर्क प्रोग्राम समर्पित किया गया है।
- मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर द्वारा सूचित किया गया कि श्रमबल में कमी के कारण बोल्डर रिभेटमेन्ट कार्य की प्रगति प्रभावित रही हैं एवं निर्माण सामग्रियों का प्रतिदिन आपूर्ति भी वांछित से कम है। साथ ही मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर एवं संवेदक द्वारा नदी के बढ़े हुए जलस्तर के कारण ग्राम जमला के समीप शेष कार्यों के कार्यान्वयन में असमर्थता व्यक्त की गयी।
- शेष बोल्डर बेड बार (02 अदद्) का निर्माण दिनांक 19.07.2026 तक हर हाल में सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही, श्रमबल एवं निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता में बढ़ोतरी करते हुए बैरगेनिया रिंग बाँध के समीप शेष कार्यों को गुणवता एवं विशिष्टि के साथ शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया ताकि पूर्व में निष्पादित कार्यों की उपयोगिता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।
- मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर को कार्य की अपने स्तर से सघन प्रबोधन करने एवं संवेदक द्वारा समर्पित संशोधित वर्क प्रोग्राम के आलोक में नियमानुकूल कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर/अनन्या आशुतोष इन्फ्रा प्रा0लि0, पटना)**

## बाढ़ संघर्षात्मक कार्य

- सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र द्वारा बताया गया कि बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों का पर्याप्त मात्रा में भंडारण कर लिया गया है, जिसका सत्यापन वरिष्ठ पदाधिकारियों से कराने एवं तत्संबंधी प्रतिवेदन मुख्यालय को 01 सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया । साथ ही बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों के भंडारण का सत्यापन जिला प्रशासन से कराने हेतु निदेशित किया गया ।

**(अनुपालनः—सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र)**

- सभी मुख्य अभियंता बाढ़ प्रक्षेत्र अन्तर्गत बाढ़ हेतु की गयी तैयारी, बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों के भंडारण, तटबंध श्रमिक, जंगल सफाई आदि की स्थिति का सत्यापन कराने हेतु मुख्यालय स्तर से परिक्षेत्रवार टीम गठित करने हेतु निदेशित किया गया ।

**(अनुपालनः—अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण)**

- मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, कटिहार परिक्षेत्रान्तर्गत बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, नवगछिया अंतर्गत इस्माईलपुर—बिन्दटोली में पूर्व के वर्षों में खपत हुए बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों के सापेक्ष वर्तमान में स्थल पर भंडारित बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों की मात्रा कम पायी गयी । स्थल की संवेदनशीलता के मद्देनजर पूर्व वर्षो के अनुभव के आधार पर बालू भरे बोरे एवं स्थानीय बालू का भंडारण बढ़ाने हेतु निदेशित किया गया ।

**(अनुपालनः—मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, कटिहार/कार्यपालक अभिंयता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, नवगछिया)**

- मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना परिक्षेत्रान्तर्गत पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, पटनासिटी अंतर्गत भंडारित स्थानीय बालू की मात्रा की आवश्यकता/उपलब्धता की समीक्षा कर संतुष्ट हो लेने हेतु निदेशित किया गया ।

**(अनुपालनः—मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना/कार्यपालक अभिंयता, पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, पटनासिटी)**

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अभी तक कतिपय प्रमंडलों में प्रथम चरण अन्तर्गत तटबंध सम्पोषण का कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है । इस सबंध में नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रथम चरण अन्तर्गत कराये जा रहे तटबंध सम्पोषण कार्य का सघन प्रबोधन करते हुए 03 दिनों के अन्दर कार्य पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया । कार्य अपूर्ण रहने की स्थिति में संबंधित कार्यपालक अभियंता से स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु भी निदेशित किया गया ।

**(अनुपालनः—सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र)**

- बाढ़ अवधि में स्थलों के सतत एवं प्रभावी निगरानी तथा तत्समय वास्तविक स्थलीय स्थिति की जानकारी के उद्देश्य से समय—समय पर तटबंध श्रमिकों से औचक संपर्क करने हेतु निदेशित किया गया, ताकि बाढ़ अवधि में किसी भी प्रकार के आपात स्थिति की सूचना तत्काल प्राप्त हो सके ।

**(अनुपालनः—सभी मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र)**

- समीक्षा के क्रम में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना द्वारा बताया गया कि भोजपुर जिलान्तर्गत दामोदरपुर ग्राम के समीप बक्सर कोईलवर गंगा तटबंध पर कतिपय ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण किया गया है, जिसे जिला प्रशासन के सहयोग से शीघ्र हटाने हेतु

निदेशित किया गया। शेष मुख्य अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र द्वारा बताया गया कि परिक्षेत्राधीन विभिन्न नदियों पर अवस्थित तटबंधों के शीर्ष पर कोई अतिक्रमण नहीं है। इस संबंध में बाढ़ अवधि में तटबंधों की निगरानी एवं कार्य स्थल पर बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों के शीघ्र परिवहन हेतु जिला प्रशासन के सहयोग से तटबंधों को अतिक्रमणमुक्त रखना सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः—सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र)**

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कतिपय प्रमंडलों में शीर्ष 2711 के तहत आवंटित राशि के सापेक्ष कम व्यय किया गया है । इस संबंध में निदेशित किया गया है कि आवंटित राशि का नियमानुकूल अपेक्षित व्यय 03 दिवस के अन्दर सुनिश्चित किया जाय ।

**अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

ह0/—

(चन्द्रशेखर सिंह)
सचिव
जल संसाधन विभाग, पटना

ज्ञापांक— बाढ़(मो0)सिं0वि0—09/2020—अंश— 2967 पटना, दिनांक—22-07-0

प्रतिलिपिः—माननीय उप मुख्य (जल संसाधन) मंत्री के आप्त सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

22/07/2026

(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक— बाढ़(मो0)सिं0वि0—09/2020—अंश— 2967 पटना, दिनांक—22-07-0

प्रतिलिपिः—मुख्य अभियंता, समस्तीपुर/पटना/वीरपुर/कटिहार/मुजफ्फरपुर/गोपालगंज को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित। मुख्य अभियंता अपने स्तर से संबंधित संवेदकों को बैठक की कार्यवाही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

22/07/2026

(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक— बाढ़(मो0)सिं0वि0—09/2020—अंश— 2967 पटना/दिनांक— 22-07-2026

प्रतिलिपिः— मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, जल संसाधन विभाग/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

22/07/202

(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक— बाढ़(मो0)सिं0वि0—09/2020—अंश— 2967 पटना, दिनांक—22-07-0

प्रतिलिपिः—कार्यपालक अभियंता, आई.टी., जल संसाधन विभाग को बैठक की कार्यवाही विभागीय बेवसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

22/07/20

(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण